आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 26.09.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- भारतीय वायुसेना ने छह दशकों तक राष्ट्र की सेवा करने के बाद मिग–21 विमान को विदाई दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध में विमान की भूमिका की सराहना की।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – राज्य सरकार, दिव्यांगजनों के अधिकारों व सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।
- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी। प्रदेश के 7 लाख 89 हजार से अधिक पात्र किसानों के खातों में 157 करोड़ 86 लाख रुपये की धनराशि हस्तांतरित।
- उत्तरकाशी जिले के आपदा प्रभावित धराली–हर्षिल क्षेत्र से उद्यान विभाग ने सेब की खरीद शुरू की।

## मिग–21 विदाई

देश की छह दशकों की सेवा के बाद, भारतीय वायु सेना के दिग्गज लड़ाकू विमान मिग–21 को आज अंतिम विदाई दी गई। यह विदाई समारोह चंडीगढ़ एयरबेस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, वायु सेना प्रमुख एयर मार्शल ए.पी सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। मिग–21 का संचालन एक औपचारिक फ्लाईपास्ट के साथ संपन्न हुआ। एयर चीफ मार्शल ए.पी सिंह ने बादल तीन के नाम से स्क्वाड्रन की अंतिम उड़ान भरी।
इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध में मिग–21 की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कई अवसर आए हैं, जब मिग–21 ने अपनी निर्णायक क्षमता साबित की है।

## मुख्यमंत्री बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार, दिव्यांगजनों के अधिकारों व सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आज सचिवालय में राज्य दिव्यांग सलाहकार बोर्ड की बैठक हुई। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दिव्यांगजनों के कल्याण के चलाई जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों का पूरा लाभ उन्हें सुगमता और पारदर्शिता के साथ मिले। उन्होंने कहा कि समाज के इस वर्ग की समस्याओं का समाधान शासन–प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सचिव स्वास्थ्य को निर्देश दिए कि समय–समय पर प्रदेशभर में दिव्यांगजनों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाए। इन शिविरों में दिव्यागजनों को उपचार व चिकित्सा सुविधाओं के साथ ही प्रमाण–पत्र, कृत्रिम अंग और अन्य सहायक उपकरण भी मौके पर ही उपलब्ध कराए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज कल्याण विभाग, पेंशन योजनाओं में विशेष रूप से यह सुनिश्चित करे कि जो भी पात्र व्यक्ति दिव्यांग पेंशन या अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के दायरे में आते हों, उन्हें योजनाओं का शत–प्रतिशत लाभ मिले। उन्होंने सभी सचिवों से अपेक्षा की, कि दिव्यांगजनों से जुड़े मुद्दों पर विभागीय स्तर पर सतत गंभीरता से कार्यों का अनुश्रवण कर उनके हितों से सीधे जुड़ी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को प्राथमिकता दी जाए।

**अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अंतर्गत हाल ही में आयोजित स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा में कथित नकल संबंधी आरोपों पर शासन– प्रशासन सख्ती से कार्यवाही कर रहा है। विशेष अन्वेषण दल– एसआईटी नकल संबंधी आरोपों की गंभीरता से जांच कर रहा है। एसआईटी ने अपनी जांच को आगे बढ़ाते हुए इस संबंध में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा के लिए कल हरिद्वार जिले के कलेक्ट्रेट सभागार में और 29 सितंबर को टिहरी गढ़वाल के कलेक्टर सभागार में दोपहर 12 बजे से दोपहर एक बजे तक विशेष जन संवाद बैठक प्रस्तावित की है। इन बैठकों में इच्छुक प्रतियोगी अभ्यर्थी और उनके अभिभावक स्नातक स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा से संबंधित अपनी शंकाओ, प्रश्नों और अगर उनके पास कोई सूचना हो, तो उसे एसआईटी के समक्ष साझा कर सकते हैं। इसके अलावा जन संवाद बैठकों में परीक्षा में भाग लेने वाले अभ्यर्थी और उनके अभिभावक, कोचिंग संस्थान तथा जनसरोकार से संबंधित कोई भी व्यक्ति इस मामले से संबंधित प्रश्नों, शंकाओं और सूचनाओं के संबंध में स्पष्टता चाहने के साथ ही एसआईटी से प्रत्यक्ष रूप से संवाद भी कर सकते हैं।

**राष्ट्रीय एकता यात्रा**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से आज राजभवन में ''राष्ट्रीय एकता यात्रा'' पर आए केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की नुब्रा घाटी के छात्र–छात्राओं ने भेंट की। भारतीय सेना के ''ऑपरेशन सद्भावना'' के अंतर्गत आयोजित इस यात्रा में नुब्रा घाटी के 30 छात्र–छात्राएं और छह शिक्षक शामिल हैं। अपनी पारंपरिक वेशभूषा में आए यह छात्र–छात्राएं पहली बार लद्दाख क्षेत्र से बाहर आकर देहरादून स्थित आई.एम.ए, आर.आई.एम.सी और एफ.आर.आई जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों का भ्रमण कर रहे हैं। यात्रा का उद्देश्य बच्चों को देश की विविध संस्कृति, परंपराओं, विकास, तकनीकी प्रगति और सामाजिक–आर्थिक परिवेश से परिचित कराना है, ताकि उनके व्यक्तित्व का समग्र विकास हो सके। इस अवसर पर राज्यपाल ने छात्रों से बातचीत करते हुए कहा कि विद्यार्थी अपने आत्मविश्वास को सदैव बनाए रखें और दृढ़ संकल्प से अपने सपनों को साकार करें। उन्होंने कहा कि इस शैक्षिक यात्रा से बच्चों को अनेक नए अनुभव और ज्ञान प्राप्त होगा, जो उनके भविष्य में सहायक सिद्ध होंगे।

**पीएम किसान किस्त**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली से उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और पंजाब को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी की। इसके तहत उत्तराखंड के 7 लाख 89 हजार 297 पात्र किसानों के खातों में 157 करोड़ 86 लाख रुपये की धनराशि हस्तांतरित की गई। प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने सचिवालय से आयोजित इस कार्यक्रम में वर्चुअली भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार, किसानों की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैऔर पीएम–किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है। इस दौरान श्री जोशी ने केंद्रीय कृषि मंत्री से उत्तराखंड में आई प्राकृतिक आपदाओं के कारण कृषि और उद्यान क्षेत्र में हुए व्यापक नुकसान की भरपाई के लिए 100 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता की मांग भी की। जिस पर केंद्रीय मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने उत्तराखंड सरकार को शीघ्र प्रस्ताव भेजने को कहा, ताकि केंद्र सरकार उसकी प्राथमिकता के आधार पर संस्तुति कर सके।

**सेब खरीद**

उत्तरकाशी जिले के आपदा प्रभावित धराली–हर्षिल समेत आस–पास के क्षेत्रों में उद्यान विभाग ने काश्तकारों से सेब की खरीद शुरू कर दी है। मुख्य उद्यान अधिकारी रजनीश सिंह ने कहा कि कास्तकारों से रॉयल–डेलीशियस प्रजाति के सेब खरीदे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि काश्तकारों को सेब की पेटियां मुहैया करवाई गई है और पेटियों का पूरा स्टाक विभाग के पास मौजूद है। वहीं, सेब की खरीद शुरु होने से काश्तकारों ने राहत की सांस ली है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा प्रभावित क्षेत्र हर्षिल घाटी के कास्तकारों के रॉयल डेलीशियस प्रजाति के सेब को 51 रुपये प्रति किलो और रेड डेलीशियस सेब को 45 रुपये प्रति किलो खरीदने की घोषणा की थी।

## स्वीपिंग मशीन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि देहरादून को स्वच्छ और प्रदूषण रहित बनाने के लिए तकनीक के माध्यम से सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आज मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय परिसर में नगर निगम, देहरादून द्वारा संचालित वैक्यूम बेस्ड रोड स्वीपिंग मशीन का फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर उन्होंने निगम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्मार्ट तकनीक आधारित यह पहल राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के उद्देश्यों को साकार करने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा बेड़े में शामिल की गई उन्नत मशीनों से सड़कों की नियमित सफाई अधिक प्रभावी और तेजी से होगी।

## जीएसटी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, 'जीएसटी बचत उत्सव' के तहत लगातार विभिन्न दुकानों का भ्रमण कर व्यापारियों और आम जनता से बातचीत कर रहे हैं। इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री ने देहरादून के पटेलनगर में व्यापारियों और आम लोगों से मुलाकात कर जी.एस.टी. की घटी दरों के लाभ के बारे में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में आर्थिक सुधारों का नया दौर शुरू हुआ है और जीएसटी की दरों में कमी से समाज में सभी वर्गों के जीवन को खुशहाल बनाने की ऐतिहासिक पहल हुई है। उन्होंने व्यापारियों से जीएसटी की घटी दरों के बारे में ग्राहकों को पूरी जानकारी देने का आग्रह भी किया। मुख्यमंत्री ने स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देकर प्रदेश व देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का आह्वान भी किया।

## सड़क दुर्घटना

चम्पावत जिले में सिप्टी–लफड़ा मोटर मार्ग पर आज एक वाहन के अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार सभी 11 लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को हेलीकॉप्टर से हायर सेंटर भेजा गया, जबकि शेष घायलों का उपचार जिला अस्पताल, चम्पावत में चल रहा है। वाहन में सवार लोग सितारगंज से पिथौरागढ़ जा रहे थे।